रजिस्टर्ड नं० ल०-33/एस० एम० 14/91.

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

(असाधारण)

हिमाचल प्रदेश राज्यशासन द्वारा प्रकाशित

शिमला, वीरवार, 7 फरवरी, 1991/18 माघ, 1912

हिमाचल प्रदेश सरकार

लोक निर्माण विभाग

अधिसूचना

शिमला-2, 7 जनवरी, 1991

संख्या पी० बी० डब्ल्यू०(बी० एण्ड आर०) (बी) 1(1)/85-पार्ट-II.—हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम, 1987 (1988 का 1) की धारा 24 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करत हुए, निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात:—

1. संक्षिप्त नाम.—इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण नियम, 1991 है ।

2. परिभाषाएं.—इन नियमों में जब तक कोई बात विषय या संदर्भ में विरुद्ध न हो,—

(क) 'अधिनियम' से हिमाचल प्रदेश स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम, 1987 (1988 का 1) अभिप्रेत है ;

(ख) 'न्यायालय' से जिलों में, आरम्भिक अधिकारिता वाला प्रधान सिविल न्यायालय अभिप्रेत है, जिसमें अधिग्रहण की जान वाली सम्पति स्थित है ;

(ग) 'प्रारूप' से इन नियमों से संलग्न प्रारूप अभिप्रेत है ;

(घ) 'धारा' से अधिनियम की धारा अधिप्रेत है ;

(ङ) ऐसे अन्य सब शब्दों और पदों के, जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं किन्तु परिभाषित नहीं है, वे ही अर्थ होंगे जो अधिनियम में क्रमश : उनके हैं।

3. सक्षम प्राधिकारी द्वारा धारा-3 (1) के प्रयोजन के लिये अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया:—धारा 3 की उप-धारा (1) के उप-खण्ड (क) के अधीन सूचना और खण्ड (ख) के अधीन आदेश प्रारूप "अ" में होंगे।

4. अधिग्रहण का आदेश.— धारा 3 की उप-धारा (2) के अधीन अधिग्रहण का आदेश और धारा 4 की उप-धारा (1) के अधीन सूचना प्रारूप "आ" में जारी की जायेगी।

5. अन्तिम प्रतिकर का संदाय.—(1) सक्षम प्राधिकारी यथाशक्य शीघ्र धारा-89 की उप-धारा (1) के खण्ड (क) के अधीन प्रतिकर की राशि के प्रति करार की अनुपस्थिति में, धारा-3 की उप-धारा (2) क अधीन, सम्पत्ति अधिग्रहण का आदेश करने के उपरांत और धारा 4 के अधीन किसी सम्पत्ति का कब्जा लेने से पूर्व, यदि ऐसी सम्पत्ति पट्टे पर ली गई है, सम्पत्ति के प्रयोग और अधिभोग के लिये उसकी राय में उचित संदेय राशि क प्रस्ताव की, प्रत्येक हितबद्ध व्यक्ति को संसूचित करेगा और यह भी विनिश्चय करगा, कि उक्त भाटक को प्राप्त करने के लिये कौन व्यक्ति हकदार होगा।

(2) सक्षम प्राधिकारी, उप-धारा (1) के अधीन अन्तिम भाटक के अवधारण और इस विनिश्चिय के पश्चात् कि उक्त भाटक प्राप्त करने के हकदार कौन व्यक्ति होंगे, उसके द्वारा नियत अन्तिम भाटक की राशि, भाटक प्राप्त करन के हकदार व्यक्ति को प्रारूप "इ" में सूचित करेगा और उक्त नियत भाटक की अठारह प्रतिशत लखागत अदायगी प्रतिमास करेगा।

(3) प्रत्येक ऐसा हितबद्ध व्यक्ति जिसे उप-नियम (2) के अधीन प्रस्ताव किया गया है ऐसे प्रस्ताव की प्राप्ति के पन्द्रह दिन की अवधि के भीतर, प्रस्ताव के प्रति अपनी स्वीकृति या अस्वीकृति की सूचना लिखित रूप में सक्षम प्राधिकारी को देगा और यदि वह प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति दे देता है तो सक्षम अधिकारी उसक साथ प्रकृति/परिस्थितियों के अनुसार उपांतरण सहित प्रारूप "ए" म करार करेगा।

(4) यदि कोई व्यक्ति जिसे उप-नियम (2) के अधीन प्रस्ताव किया गया है, प्रस्ताव की प्राप्ति के पन्द्रह दिन की अवधि क भीतर ऐसे प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति नहीं देता है, और स्वीकृति लिखित रूप में सक्षम प्राधिकारी को सूचित नहीं करता है, तो सक्षम प्राधिकारी, उसके और कथित व्यक्ति क मध्य हुई असहमति के पूरे तथ्य, स्वरूप और विस्तार की सूचना सरकार को प्रस्तुत करेगा और धारा 9 की उप-धारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन मध्यस्थ नियुक्त करने के लिये सरकार को अनुरोध करेगा।

6. अधिगृहित सम्पत्ति का ताले तोड़ कर खोलना.—जहां पर धारा 4 की उप-धारा (1) के अधीन जारी किए गए आदेश क अनुपालन में अधिगृहीत सम्पत्ति का कब्जा नहीं दिया जाता है, और परिसर में तालाबन्दी

पाई जाती है, तो सक्षम प्राधिकारी या उसके द्वारा लिखित रूप में प्राधिकृत कोई अन्य व्यक्ति, परिक्षेत्र के दो साक्षियों की उपस्थिति में ताला तोड़ सकेगा और ऐसी सम्पत्ति का कब्जा ले सकेगा :—

परन्तु—

(1) ऐसी कार्रवाई करने से पूर्व सक्षम प्राधिकारी अपना समाधान करेगा कि धारा 4 की उप-धारा (1) के अधीन जारी किए गए आदेश की सम्बन्धित पक्षकार को तामील की गई है और पक्षकार आदेश का अनुपालन करने में टालमटोल कर रहा है ;

(2) इस नियम के अधीन शक्तियों का प्रयोग किसी भी समय सूर्यास्त के पश्चात् या सूर्योदय से पूर्व नहीं किया जायेगा ; और

(3) जहां पर कब्जा इस नियम द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में लिया जाता है, वहां पर परिसर में पाई गई वस्तुओं की, परिक्षेत्र के दो साक्षियों की उपस्थिति में तालिका तैयार की जायेगी और ऐसी वस्तुऐं सुरक्षित अभिरक्षा में रखी जायेगी, और परिसरों में विनश्वर स्वरूप की पाई गई वस्तुओं की दो साक्षियों की उपस्थिति में निलामी की जायेगी और इससे प्राप्त हुआ आगम, यदि कोई हो, इन वस्तुओं के स्वामी या उसके अभिकर्ता को संदत्त किया जायेगा और यदि वे उपलब्ध न हों तो ऐसा आगम इन नियमों के नियम 11 के अधीन न्यायालय में जमा किया जायेगा।

7. अधिगृहीत परिसरों की मुरम्मत.—धारा 5 की उप-धारा (2) के अधीन सूचना प्रारूप 'ई' में होगी। सूचना में मुरम्मत के निष्पादन के लिये ऐसी अवधि विनिर्दिष्ट की जायेगी जो सक्षम प्राधिकारी मुरम्मत के स्वरूप और अन्य परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, युक्तियुक्त उचित समझे।

8. सक्षम प्राधिकारी द्वारा सम्पत्ति की जांच और निर्मुक्ति के लिये अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया.—(1) सक्षम प्राधिकारी, धारा 6 की उप-धारा (3) के प्रयोजनों के लिये निम्नलिखित मामलों में जानकारी प्राप्त करने के लिए, यदि वह आवश्यक समझे, जांच कर सकेगा या इस निमित्त सशक्त अधिकारी द्वारा जांच करवा सकेगा अर्थात्:—

(i) व्यक्ति का नाम और पता जिससे सम्पत्ति अधिगृहित की गई थी ;

(ii) व्यक्ति का नाम और पता जिसके कब्जे में अधिग्रहण के समय सम्पत्ति है ;

(iii) प्रतिकर प्राप्त कर रहे व्यक्ति का नाम;

(iv) क्या, जब सम्पत्ति अधिगृहीत की गई थी, अधिभोगी को कोई आवास उपलब्ध करवाया गया था या क्या सम्पत्ति खाली करने के लिये उसे कोई प्रतिकर संदत्त किया गया था या क्या अधिभोगियों ने, सम्पत्ति का पुनः अधिभोग के अपने दावों का त्याग कर दिया है, यदि कोई हो ;

(v) क्या अधिभोगी सम्पत्ति का वास्तविक अभिधारी था या क्या अप्राधिकृत अधिभोगी था या विधि के अनुसार सम्पत्ति के प्रत्यस्थापन के लिये उसका कोई दावा नहीं है;

(vi) क्या सम्पत्ति के स्वामी ने, जिसे अधिग्रहण आदेश प्रथमतः तामील किया गया था सम्पत्ति का विक्रय कर दिया है और यदि विक्रय कर दिया है, तो किसे ;

(vii) यदि सम्पत्ति का विक्रय कर दिया गया है तो क्या स्वामी ने सम्पत्ति के सभी अधिकार बेच दिए हैं ;

(viii) क्या स्वामी के पक्ष में जिससे सम्पत्ति अधिगृहीत की गई थी, उसे सम्पति का अधिग्रहण-मोचन करने में कोई आक्षेप नहीं है ;

(ix) जांच के समय सम्पत्ति की मुरम्त की स्थिति ;

(x) क्या सम्पत्ति में, सरकार से सम्बन्धित कोई संरचना या वस्तु परिनिर्मित या लगाई गई है और उनका मूल्य ;

(xi) अधिग्रहण के समय सम्पत्ति की स्थिति और टूट-फूट या अप्रतिरोध्यबल से हुए परिवर्तन के अध्याधीन सम्पत्ति उसी तरह अच्छी स्थिति में है जैसी वह कब्जा लेने के समय थी ;

(xii) प्रत्यावर्तन की प्राक्कलित लागत ;

(xiii) कोई अन्य मामला जिसे सक्षम प्राधिकारी, व्यक्ति को जिसे सम्पत्ति का कब्जा दिया जाएगा, विनिर्दिष्ट करने क प्रयोजनार्थ, आवश्यक समझे ।

(2) धारा 6 की उप-धारा (3) के अधीन आदेश प्रारूप "उ" में जारी किया जाएगा ।

(3) धारा 6 के उप-धारा (5) के अधीन सूचना प्रारूप "ऊ" में होगी।

9. माध्यस्थम.—(1) धारा 9 की उप-धारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन नियुक्त मध्यस्थ, माध्यस्थम कार्यवाहियों को पूरा करगा और धारा 9 की उप-धारा (1) के खण्ड (ङ) में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अपना अधिनिर्णय देगा ।

(2) मध्यस्थ प्रत्येक साक्षी का साक्ष्य अभिलिखित करेगा, किन्तु ऐसे साक्ष्य को साधारणतया प्रश्न-उत्तर के रूप में अभिलिखित नहीं करेगा बल्कि वृतान्त रूप में करगा और इस पर अपने हस्ताक्षर करेगा ।

(3) जहां मध्यस्थ, माध्यस्थम कार्यवाहियां, समाप्त करने और अपना अधिनिर्णय देने जा रहा है, और इससे पूर्व नया मध्यस्थ नियुक्त कर दिया जाता है, तो ऐसी स्थिति में नया मध्यस्थ, उसके मद- पूर्ववर्ती द्वारा अभिलिखित साक्ष्य पर ऐसा ही संव्यवहार करेगा मानों कि ऐसी साक्ष्य उसने स्वंय अभिलिखित किए हों, और उसक पूर्ववर्ती द्वारा छोड़ी गई अवस्था से माध्यस्थम कार्यवाहियां आरम्भ करेगा ।

(4) माध्यस्थम और अधिनिर्णय की लागत मध्यस्थ के स्वविवेकानुसार होगी, जो निर्देश दे सकेगा कि, वह लागत पूर्णत: या अंशत: किसकी, किससे और किस रीति में संदत्त की जाएगी । यदि अपील उच्च न्यायालय को की जाती है तो उक्त लागत और अपील की लागत उच्च न्यायालय के स्वविवेकानुसार होगी, जो निर्देश दे सकेगा कि यह लागत पूर्णत: या अंशत: किसको, किसे और किस रीति में संदत्त की जाएगी ।

(5) मध्यस्थ ने जब अपना अधिनिर्णय दे दिया है तो वह इस पर अपने हस्ताक्षर करेगा और अधिनिर्णय और हस्ताक्षर करने की, निर्देश में रत पक्षकारों को लिखित सूचना देगा । वह सक्षम प्राधिकारी और क्षतिपूर्ति किए जाने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों को भी अधिनिर्णय की प्रति, संलग्न टिप्पण संहित जिसमें अधिनिर्णय के आधार लिपिबद्ध किए जाएंगे, भेजेगा और कार्यवाहियों के अभिलेख सहित मूल रूप में निम्नलिखित को भी भेजेगा ,—

(क) उच्च न्यायालय को, यदि अधिनिर्णय के विरुद्ध अपील, विहित परिसीमा अवधि के भीतर की हो; या

(ख) सक्षम प्राधिकारी को, यदि ऐसी अपील उक्त अवधि के भीतर की गई हो ।

(6) सक्षम प्राधिकारी, अधिनिर्णय की प्रति की प्राप्ति पर, मध्यस्थ द्वारा अधिनिर्णीत राशि, उसके हकदार व्यक्तियों को नियम 10 में विहित नीति में संदत्त करेगा ।

10. प्रतिकर का संदाय.—(1) करार के विरुद्ध न होने पर अधिनिर्णय के अधीन संदेय प्रतिकर की राशि—

(क) जहां सम्पत्ति के अधिक्रमण की तारीख और अधिनिर्णय घोषित किए जाने की तारीख के मध्यवर्ती अधिग्रहण अवधि के बारे में सम्पत्ति के प्रयोग और अधिभोग के लिए आवर्ती संदाय के बकाया के कारण या धारा 9 की धारा (2) के उप-खण्ड (ख) के अधीन अधिनिर्णीत राशि के कारण है, तो यह एक मुश्त संदत्त की जाएगी ;

(ख) जहां उप-नियम (2) के खण्ड (क) में निर्दिष्ट अवर्ति संदाय के कारण या धारा 9 की उप-धारा (3) और (4) के अधीन उक्त राशि के पुनरीक्षण के कारण है, उत्तरवर्ती मास, जिसमें संदाय किया जाना है, की पांच तारीख तक संदत्त की जाएगी ।

(2) प्रतिकर की राशि सक्षम प्राधिकारी के स्वविवेकानुसार नकद, उचित रसीद के अधीन या चैक अथवा बैंक ड्राफ्ट द्वारा संदत्त की जाएगी ।

(3) प्रत्येक वह व्यक्ति जिसे उप-नियम (1) के अधीन संदाय किया गया है, सक्षम प्राधिकारी के साथ, ऐसे उपान्तरण सहित जैसे कि प्रकृति और परिस्थितियों के अनुसार अपेक्षित हो प्रारूप "ए" में करार करेगा।

11. न्यायालय में राशि का जमा किया जाना.—(1) यदि सम्पत्ति का स्वामी सुगमता से अनुमार्गणीय नहीं है या कोई भी व्यक्ति सम्पत्ति का अन्य संक्रामण करने में सक्षम नहीं है या सम्पत्ति का स्वामित्व विवादग्रस्त है या प्रतिकर प्राप्त करने का हक या प्रतिकर के रूप में प्रस्तावित राशि का प्रभाजन या नियम 6 के परन्तुक के खण्ड (3) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा नीलाम किए गए या बेचे गए विनश्वर माल के प्रति कोई विवाद है तो सक्षम प्राधिकारी—

(क) धारा 4 की उप-धारा (3) के अधीन संदेय अनुतिम प्रतिकर या नियम 6 के परन्तुक के खण्ड (3) के अधीन नीलाम किए गए या बेचे गए विनश्वर माल के आगम या उप-धारा (1) के खण्ड (क) या धारा 9 की उप-धारा (2), (3) और (4) के अधीन अवधारित प्रतिकर के रूप में संदेय होने के तुरन्त पश्चात् राशि न्यायलय में जमा करेगा; और

(ख) सम्बन्धित कागजात सहित रिपोर्ट जिसमें मामले के पूर्ण तथ्य दर्शित किए जाएंगें, सरकार को प्रस्तुत करेगा और न्यायालय में जमा राशि के दावे के हकदार व्यक्ति/व्यक्तियों का विनिश्चय करने के लिए धारा 9 की उप-धारा (1) के खण्ड (च) के अधीन मध्यस्थ नियुक्त करने का उससे अनुरोध करेगा।

(2) यदि राशि उप-नियम (1) के अधीन जमा की गई है तो न्यायलय इसका संव्यवहार भू-अर्जन अधिनियम 1894 की धारा 32 और 33 में अधिकथित रीति में किया जाएगा।

12. अपीलें.—(1) धारा 11 या 12 के अधीन अपीलें, सचिव, लोक निर्माण विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार को की जाएंगी;

(2) प्रत्येक अपील में अपील के आधार अन्तर्विष्ट होंगे और उसके साथ उस आदेश की प्रति भी लगाई जाएगी जिसके विरुद्ध अपील की गई है।

13. व्यक्तियों या साक्षियों का बुलाया जाना और दस्तावेजों का पेश किया जाना.—किसी व्यक्ति को बुलाने और उसे उपस्थित होने के लिए बाध्य करने और शपथ पर उसका, परीक्षण करने या किसी दस्तावेज को प्रकट और पेश करने के लिए धारा 14 के अधीन आदेश प्रारूप "ऐ" में जारी किया जाएगा। किसी न्यायालय या कार्यालय से लोक अभिलेख मंगवाने के लिए आदेश प्रारूप "ओ" में जारी किया जाएगा जबकि साक्षियों के परीक्षण के लिए कमीशन जारी करने का आदेश प्रारूप "औ" में होगा।

14. परिसरों का निरीक्षण.—सक्षम प्राधिकारी या उसके द्वारा साधारण या विशेष आदेश से इस निमित सशक्त कोई अधिकारी, धारा 16 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, किसी परिसर में सूर्यास्त के पश्चात् या सूर्य उदय से पूर्व प्रवेश नहीं करेगा।

15. निरसन और व्यावृत्तियां.—(1) हिमाचल प्रदेश रैक्विजिशनिंग एण्ड आक्विजिशन आफ इमूवएबल प्राप्रर्टी रूल्ज, 1973 का एतद्द्वारा निरसन किया जाता है।

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी, ऐसे निरसित नियमों के अधीन की गई, कोई बात या कार्रवाई, इन नियमों के तत्स्थानी उपबन्धों के अधीन की गई समझी जाएगी।

आदेश द्वारा,

अ० कु० महापात्र,
आयुक्त एवं सचिव।

प्ररूप "अ"

(नियम 3 देखें)

हिमाचल प्रदेश स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम, 1987 की धारा 3 के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी की जाने वाली सूचना/आदेश का प्रारूप

मैं . . . . . (नाम और पदनाम), हिमाचल प्रदेश स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम, 1987 (1988 का 1) के अधीन सक्षम प्राधिकारी होने के नाते इस मत का हूं कि इसमें उपाबद्ध अनुसूची में वर्णित सम्पत्ति की लोक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है/आवश्यकता की सम्भावना है . . . . . और राज्य के प्रयोजन के लिए उक्त सम्पत्ति अधिगृहीत की जानी चाहिए ;

अतः मैं उक्त अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सक्षम प्राधिकारी के रूप में श्री . . . . . से उक्त सम्पत्ति का स्वामी/उक्त सम्पत्ति का कब्जाधारी व्यक्ति होने के नाते इस सूचना की तामील की तारीख से 30 दिन के भीतर कारण बताने की अपेक्षा करता हूं कि क्यों न उक्त सम्पत्ति अधिगृहीत कर ली जाए, मैं और निर्देश देता हूं कि इस सूचना की तामील की तारीख से 2 मास की अवधि की समाप्ति तक न तो भूमि का स्वामी और न अन्य कोई व्यक्ति मेरी अनुज्ञा के बिना उक्त सम्पत्ति को बेचेगा या उसके ढांचे में परिवर्तन करेगा या किराएदार को किराए पर देगा ।

अनुसूची

हस्ताक्षर,

पदनाम,
सक्षम अधिकारी ।

सेवा में

. . . . . .

. . . . . .

. . . . . .

प्ररूप "आ"
(नियम 4 देखें)

हिमाचल प्रदेश स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम, 1987 की धारा 3 की उप-धारा (2) और धारा 4 के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए जाने वाले आदेश और नोटिस का प्रारूप ।

हिमाचल प्रदेश स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम, 1987 (1988 का 1) की धारा 3 की उप-धारा (1) के अधीन जारी किए गए या जारी किए गए समझे जाने वाले नोटिस के अन्तर्गत ( ) . . . . . व्यक्ति का नाम . . . . . (व्यक्तियों) से, उसमें विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर कारण बताने की अपेक्षा की गई थी कि इसके साथ उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति का क्यों न अधिग्रहण किया जाए ;

और उक्त अवधि का अवसान हो चुका है और उक्त नोटिस के विरुद्ध कोई कारण नहीं बताया गया या/नोटिस के विरुद्ध बताए गए कारण पर विचार कर लिया गया है ; अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (2) और 4 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं . . . . . .

(नाम लिखें) (पदनाम लिखें)

होने के नाते उक्त अधिनियम के अधीन सक्षम अधिकारी अपना समाधान कर लेने पर कि ऐसा किया जाना आवश्यक या समाचीन है, उक्त सम्पत्तिका एतद्द्वारा अधिग्रहण करता हू और उक्त (स्वामी/या व्यक्ति जिसके कब्जा में सम्पत्ति हो का नाम लिखें) सूचना की तामील के तीस दिनों के भीतर ..... (अधिकारी का पदनाम लिखें) को, उसका कब्जा अभ्यर्पित या परिदत्त करने का एतद्द्वारा आदेश देता हूं ।

यदि उक्त ..... (स्वामी/या व्यक्ति जिसके कब्जा में सम्पत्ति हो का नाम लिखें) उपर्युक्त आदेश का, अनुपालन करने से इन्कार करता है या अनुपालन करने असफल रहता है, तो मेरे लिए सम्पत्ति का कब्जा लेने और उक्त प्रयोजन के लिए ऐसे बल का प्रयोग करना जैसा आवश्यक हो विधिपूर्ण होगा ।

अनुसूची

हस्ताक्षर

पदनाम

सेवा में

.....

.....

प्रारूप "इ"

[नियम 5 (2) देखें]

हिमाचल प्रदेश स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम, 1987 की धारा 4 की उप-धारा (3) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए जाने वाले आदेश का प्रारूप

इसके साथ उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति का हिमाचल प्रदेश स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम, 1987 (1988 का 1) के अधीन आदेश संख्या ..... तारीख ..... द्वारा ..... से अधिग्रहण किया गया था/थी ;

और सक्षम प्राधिकारी होने के नाते, मैंने ..... अधिग्रहित सम्पत्ति के उपयोग और अधिभोग के लिए रुपए ..... (केवल .... रुपये) की राशि अनन्तिम संदेय भाटक के रूप में निर्धारित की है ;

अतः अब, धारा 4 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके हुए, मैं ..... सक्षम प्राधिकारी होने के नाते ..... रुपये की राशि (केवल ..... रुपये) जो उपर्युक्त रकम के 80 प्रतिशत के बराबर है, श्री ..... को प्रतिमास, इस शर्त के अधीन रहते हुए कि इस प्रकार संदत्त या विनिदत्त रकम, धारा 9 के अधीन संदत्त की जाने वाली प्रतिकर की रकम अवधारित करने के लिए हिसाब में ली जाएगी, संदत्त करने के आदेश देता हू और जहां इस प्रकार संदत्त रकम, धारा

9 के अधीन अवधारित प्रतिकर से अधिक हो जाती है, तो ऐसी अधिक्य राशि जब तक कि उसका अधिनिर्णय की तारीख से तीन मास के भीतर प्रतिदाय नहीं किया जाता है तत्पश्चात् संदेय भाटक में से काटी जाएगी ।

अनुसूची

हस्ताक्षर।-
पदनाम
सक्षम प्राधिकारी ।

सेवा में

. . . . . .

. . . . . .

प्रारूप "ई"

(नियम 7 देखें)

सक्षम प्राधिकारी द्वारा हिमाचल प्रदेश स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम, 1987 की धारा 5 की उप-धारा (2) के अधीन जारी की जाने वाली सूचना का प्रारूप

हिमाचल प्रदेश स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम, 1987 (1988 का 1) की धारा 3 के अधीन . . . . . से ज्ञातव्य परिसरों का अधिग्रहण किया किया गया है;
(परिसर का नाम दें)

और उक्त परिसरों में इसके साथ संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट मुरम्मत की जानी आवश्यक है ;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 5 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस अधिनियम के अधीन सक्षम प्राधिकारी होने के नाते मैं . . . . . उक्त परिसरों के
(नाम और पदनाम लिखें)
भू-स्वामी . . . . . की, अनुसूची में विनिर्दिष्ट, मुरम्मत को, जो की जानी आवश्यक है और यह भू-स्वामी द्वारा उस परिक्षेत्र में स्थित परिसरों में प्रायः की जाती है, इस सूचना की तामील की तारीख से . . . . . की अवधि के भीतर निष्पादित करने का आदेश देता हूं।

यदि उक्त भू-स्वामी इस आदेश में विनिर्दिष्ट पूर्वोक्त अवधि के भीतर मुरम्मत निष्पादित करने में असफल रहता है तो मैं इसे उसके खर्च पर निष्पादित करवाऊंगा और उसकी लागत की, वसूली के किसी अन्य ढंग पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, उसको संदेय प्रतिकर में से कटौती की जाएगी

अनुसूची

हस्ताक्षर
पदनाम
सक्षम प्राधिकारी ।

सेवा में

. . . . . .

. . . . . .

प्रारूप "उ"

[नियम 8 (2) देखें]

हिमाचल प्रदेश स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम, 1987 की धारा 6 (3) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए जाने वाले आदेश का प्रारूप

हिमाचल प्रदेश स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम, 1987 के अधीन आदेश संख्या . . . . . तारीख . . . . . द्वारा इसके साथ संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति का अधिग्रहण किया गया था ;

और अब यह विनिश्चित किया गया है कि उक्त सम्पत्ति . . . . . से अधिग्रहण से निर्मुक्त की जाएगी ;

अतः अब, हिमाचल प्रदेश स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम, 1987 (1988 का 1) की धारा 6 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं . . . . . सक्षम प्राधिकारी होने के नाते . . . . . एतद्द्वारा श्री/सर्वश्री . . . .
(नाम और पदनाम)
व्यक्ति/व्यक्तिगण को विनिर्दिष्ट करता हूं जिन्हें उक्त सम्पत्ति का कब्जा दिया जाएगा।

अनुसूची

हस्ताक्षर

पदनाम।

सेवा में

. . . . . .

. . . . . .

प्रारूप "ऊ"

[नियम 8 (3) देखें]

हिमाचल प्रदेश स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम, 1987 की धारा 6 की उप-धारा (5) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी की जाने वाली सूचना का प्रारूप

हिमाचल प्रदेश स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम, 1987 की धारा . . . . . अधीन . . . . . आदेश संख्या . . . . . तारीख . . . . द्वारा . . . . . (तारीख) से इससे संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति का लोक प्रयोजन के लिए अधिग्रहण किया गया था ;

और अब यह विनिश्चित किया गया है कि उक्त सम्पत्ति को अधिग्रहण से निर्मुक्त कर दिया जाएगा ;

और हिमाचल प्रदेश स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम, 1987 (1988 का 1) की धारा 6 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम के अधीन सक्षम प्राधिकारी होने के नाते, मैंने, ... को विनिर्दिष्ट किया है जिसे
(नाम व पदनाम) (व्यक्ति का नाम)
जिस उक्त सम्पत्ति का कब्जा दिया जाएगा ;

और उक्त श्री . . . . . का पता नहीं लगाया जा सकता है और उसकी ओर से परिदान को स्वीकार करने के लिए कोई एजैंट या अन्य व्यक्ति सशक्त नहीं है ;

अतः, अब उक्त अधिनियम की धारा 6 की उप-धारा (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं ..... एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि उक्त सम्पत्ति
(नाम और पदनाम)
को अधिग्रहण से निर्मुक्त किया जाता है।

अनसूची

हस्ताक्षर
पदनाम।

सेवा में

. . . . . .

. . . . . .

. . . . . .

प्रारूप "ए"

[नियम 5 (3) और 10 (3) देखें]

जब अदायगी पूर्ण या अन्तिम रूप में कर दी गई हो, सरकार की ओर से सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधिगृहीत स्थावर सम्पत्ति के स्वामियों के साथ किए जाने वाले करार का प्रारूप

यह करार का ज्ञापन एक पक्षकार के रूप में .....जो.....का पुत्र है, जिसका.....है, ...में रह रहा है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्वामी कहा गया है और इस पद के अन्तर्गत उसके वारिस/निष्पादक, प्रशासक, समनुदेशिती भी समझे जाएंगे जब तक संदर्भ द्वारा अन्यथा निवारित या उसके विरुद्ध न हो) और दूसरे पक्षकार के रूप में हिमाचल प्रदेश सरकार (जिसे इसमें इसके पश्चात् सरकार कहा गया है और इसके अन्तर्गत उसके पद उत्तरवर्ती और समनुदेशिती या स्थावर सम्पत्ति जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त सम्पत्ति कहा गया है, जिसका विवरण अधोलिखित अनुसूची में दिया गया है, का, हिमाचल प्रदेश स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण अधिनियम, 1987 (1988 का 1) और उसके तदधीन बनाए गए नियमों के अधीन अधिग्रहण किया गया है और सरकार द्वारा या उसकी ओर से या सरकार के प्राधिकाराधीन उसका कब्जा 19.....के.....मास .....के.....के दिन लिया गया है) स्वामी/स्वामियों ने सरकार से निवेदन और कथन किया है कि उक्त सम्पत्ति की बाबत संदेय सभी प्रतिकर को प्राप्त करने के केवल स्वामी/स्वामी ही है और किसी अन्य व्यक्ति का ऐसे प्रतिकर या उसके किसी भाग को प्राप्त करने का अधिकार नहीं है, उक्त सम्पत्ति में भूमि और इमारतें हैं और सरकार ने उक्त इमारतें गिरा दी हैं ;

स्वामी/स्वामियों और सरकार ने, उक्त अधिग्रहण सम्बन्धी स्वामी/स्वामियों को सरकार द्वारा संदेय प्रतिकर राशि, को इसमें इसके पश्चात् उल्लिखित रीति में तय करने के लिए परस्पर सहमति दे दी है ;

अतः पक्षकारों द्वारा और उनके बीच निम्नलिखित पर सहमति हुई है:—

(1) कि सरकार, इमारतों (ढांचों) के प्रतिकर के पूर्ण भुगतान में.....रुपये की राशि स्वामी/स्वामियों को अदा करेगी और वे इसे स्वीकार करेंगे (यदि स्वामी की इमारत न हो, तो छोड़ दें) ;

(2) कि सरकार अब तक उक्त सम्पत्ति सरकार के कब्जे में और अधिग्रहण में रहती है, 19.....के मास.....के.....दिन से उक्त सम्पत्ति के लिए वर्ष में प्रतिमास/प्रति त्रिमास.....रुपये की राशि बकाया के रूप में स्वामी/स्वामियों को संदत्त करेगी और वे इस राशि की स्वीकार करेंगे ;

(3) कि स्वामी/स्वामियों द्वारा कथित अधिग्रहण सम्बन्धी किसी अन्य प्रतिकर का, जो भी हो, दावा नहीं किया जाएगा या वे इसके हकदार नहीं होंगे ;

(4) स्वामी/स्वामियों द्वारा कथित सम्पत्ति सम्बन्धी, राजस्व भाटक, नगरपालिका कर और अन्य व्यय वहन और संदत्त किये जाएंगे चाहे वे स्वामी/स्वामियों द्वारा या अधिभोगी/अधिभोगियों द्वारा संदेय हों;

(5) यदि इसके पश्चात् मालूम हो जाता है कि स्वामी/स्वामियों का कथित सम्पत्ति के सम्बन्ध में संदेय पर हक या अनन्य हक नहीं है या यदि सरकार द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को प्रतिकर प्रदत्त किया जाना है, तो वे ऐसे प्रतिकर या उसके किसी भाग को जिन पर उनका हक नहीं है, सरकार को वापिस कर देंगे और स्वामी/स्वामियों द्वारा व्यपदेशित हक में कोई त्रुटि या चूक के कारण सरकार को हुई हानि या क्षति के प्रति वे सरकार की क्षतिपूर्ति करेंगे । सरकार, प्रतिदाय के प्रवर्तन के लिए किसी अन्य उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, प्रतिदाय और क्षतिपूर्ति के रूप में संदेय किसी भी राशि को भू-राजस्व की बकाया के रूप में वसूल कर सकेगी;

(6) कि इस करार के विषय या प्रसंविदा-खण्ड या इसमें अन्तर्विष्ट किसी बात या अन्यथा उक्त अधिग्रहण के प्रति किसी विवाद या मतभेद उद्भूत होने पर मामला, सरकार द्वारा नियुक्त मध्यस्थ को निर्दिष्ट किया जाएगा और मध्यस्थ का विनिश्चय निश्चायक और पक्षकारों पर आबध्यकर होगा । ऐसे माध्यस्थम के लिए, माध्यस्थम् अधिनियम, 1940 के उपबन्ध लागू होंगे ।

उक्त निर्दिष्ट अनुसूची)

(उद्गृहीत सम्पत्ति की विशिष्टियां और उसका विवरण)

इसके साक्ष्य-स्वरूप, यह करार उक्त लिखित वर्ष और तारीख को निष्पादित किया गया ।

.....की उपस्थिति में उक्त उल्लिखित स्वामी/स्वामियों द्वारा हस्ताक्षरित और परिदत्त किया गया ।

.....की उपस्थिति में हिमाचल प्रदेश सरकार के लिए और उसकी ओर से हस्ताक्षरित और परिदत्त किया गया ।

प्रारूप "ऐ"

(नियम 13 देखें)

साक्षी को समन

19.....का मामला संख्यांक.....के कार्यालय में.....

.....के बारे में प्रस्तावित अधिग्रहण/प्रतिकर का नियतन

सेवा में

.....

.....

मामले में सूची में वर्णित साक्ष्य देने/दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए आप की हाजिरी अपेक्षित है । अधोहस्ताक्षरी के समक्ष 19.....के.....मास के..... दिन को पूर्वाह्न/अपराह्न.....बजे (व्यक्तिगत रूप में) उपस्थित होने और अपने साथ कथित दस्तावेज लाने (या इस कार्यालय को भेजने) की आपसे अपेक्षा की जाती है ।

यदि आप किसी विधिपूर्ण कारण के बिना इस आदेश की अनुपालना करने में असफल रहते हैं तो आप सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश (*xvi*) के नियम 12 में अधिकथित अनुपस्थिति के परिणाम भुगतने के दायी होंगे ।

यह आज तारीख.....को मेरे हस्ताक्षर से और कार्यालय की मुद्रा लगाकर दिया गया ।

मोहर ।

सक्षम अधिकारी/मध्यस्थ ।

प्रारूप "ओ"

(नियम 13 देखें)

लोक अभिलेख का मंगाया जाना

सेवा में,

....
.....
.....

कृपया.....के बारे में प्रस्तावित अधिग्रहण/प्रतिकर के नियतन से सम्बन्धित निम्न उल्लिखित को मेरे परीक्षण के लिए धारक/अपने क्लर्क द्वारा तारीख.....को भजने की व्यवस्था करें ।

यह आज तारीख.....को मेरे हस्ताक्षर से और कार्यालय की मुद्रा लगाकर दिया गया ।

अभिलेख के ब्यौरे

1. .....
2. .....
3. .....

मोहर । सक्षम प्राधिकारी/मध्यस्थ ।

प्रारूप "औ"

(नियम 13 देखें)

कमीशन का प्रारूप

.....के मामले में निम्न रूप से आदिष्ट किया जाता है,—

1. कमीशन.....के.....को.....कमीशन के रूप में निम्नलिखित साक्षियों के प्रतिप्रश्न या मौखिक परीक्षण करने के लिए निदेश दे सकेगा:—

1. .....
2. ....
3. ....

2. किसी साक्षी की परीक्षा, प्रति परीक्षा या पुनः परीक्षा के समय किसी पुस्तक, दस्तावेज, पत्र, कागजात या लिखित को ऐसा साक्षी अपने ब्यान में अच्छे हेतुक को दर्शा कर, उनमें अन्तर्विष्ट किसी अन्तर्वस्तु, को मूल रूप में प्रस्तुत करने से इन्कार कर देता है, तो कमिशनर द्वारा शुद्ध और सही रूप में उसकी प्रतिलिपि या उद्धहरण सम्यक रूप से प्रमाणित करके, साक्षी के ब्यान साथ उपाबद्ध किए जाएंगे ।

3. कमिशन के अधीन परीक्षित किए जाने वाले प्रत्येक साक्षी को, उसके धर्मानुसार उक्त कमिशनर द्वारा या उसके समक्ष, शपथ, प्रतिज्ञान पर या अन्यथा परीक्षण किया जायगा ।

4. उक्त कमीशन के अधीन और उसके द्वारा लिए गए ब्यान, कमिशनर/साक्षी/साक्षियों द्वारा हस्ताक्षरित किये जाएंगे ।

5. प्रश्निप्रश्न, प्रतिप्रश्निप्रश्न और उसमें निर्दिष्ट किन्हीं दस्तावेजों या उनकी प्रमाणित प्रतिलिपियों या उद्धाहरणों सहित ब्यान तारीख.....को या इससे पूर्व या आगे ऐसी तारीख या अन्य दिन को जो रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा आदिष्ट किया जाए, सक्षम, प्राधिकारी/मध्यस्थ को भेजे जाएंगे ।

आज तारीख.....मास.....दिन.....।

सक्षम प्राधिकारी/मध्यस्थ ।

[*Authoritative English text of the Rules under section* 24 *of the Himachal Pradesh Sthavar Sampati Adhigrahan Act,* 1987 (*Act No.* 1 *of* 1988) *as required under clause* (3) *of Article* 348 *of the Constitution of India*].

PUBLIC WORKS DEPARTMENT

NOTIFICATION

Shimla-2, the 7th January, 1991

No. PBW (B&R) (B)1 (1) 1/85-Part-II.—In exercise of the powers conferred by section 24 of the Himachal Pradesh Requisition of Immovable Property Act, 1987 (Act No. 1 of 1988), the Governor of Himachal Pradesh is pleased to make the following rules, namely:—

1. *Short title.*—These rules may be called the Himachal Pradesh Requisition of Immovable Property Rules, 1991.

2. *Definitions.*—In these rules, unless these is anything repugnant in the subject or context,—

(*a*) 'Act' means the Himachal Pradesh Requisition of Immovable Property Act, 1987 (Act No. 1 of 1988);

(*b*) Court' means a principal Civil Court of original jurisdiction in the District in which the property requisitioned is situated;

(*c*) "Form" means a form appended to these rules;

(*d*) "section" means a section of the Act; and

(*e*) all other words and expressions used in these rules, but not defined in these rules, shall have the meanings assigned to them in the Act.

3. *Procedure to be followed by competent authority for the purpose of section* 3 (1) .—A notice under clause (*a*) and an order under clause (*b*) of sub-section (1) of section 3 shall be in Form 'A'.

4. *Order of requisition* .—The order of requisition under sub-section (2) of section 3 and the notice under sub-section (1) of section 4 shall be issued in Form 'B'.

5. *Payment of provisional compensation* .—In the absence of an agreement as to the amount of compensation under clause (*a*) of sub-section (1) of section 9, the competent authority as soon as may be possible, after making order of requisition of the property under sub-section (2) of section 3 and before taking possession of any property under section 4, shall communicate to each person interested in an offer of, what in the opinion of the competent authority is a fair

amount payable for the use and occupation of the property, if it had been taken on lease and shall also decide the person who is entitled to receive the said rent.

(2) After the determination of the provisional rent under sub-rule (1) and decision as to the person (*s*) who will be entitled to receive the said rent, the competent authority shall intimate the amount of provisional rent fixed by him to the person entitled to receive the rent in Form "C" and make every month payment of eighty per cent on account of the said rental fixed by him.

(3) Every person interested to whom an offer is made under sub-rule (2) shall within fifteen days of receipt of offer communicate in writing to the competent authority his acceptance or otherwise of the offer and where he accepts the offer, the competent authority shall enter into an agreement with him in Form 'G' with such modification as the nature/circumstances of the case may require.

(4) If any person to whom an offer is made under sub-rule (2) does not accept the offer within fifteen days of the receipt of the offer and communicate in writing to the competent authority, the competent authority shall report to the Government full facts and nature and extent of disagreement between himself and the said person and request the government to appoint an arbitrator under clause (*b*) of sub-section (1) of section 9.

